**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या :634**
**गुरूवार, 28 नवम्बर, 2024/ 7अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**
**ग्रीन फील्ड विमानपत्तन नीति**

**634. श्रीमती संजना जाटवः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ग्रीन फील्ड विमानपत्तन नीति, 2008 तैयार की है, जिसमें देश में नए ग्रीन फील्ड विमानपत्तन स्थापित करने के लिए दिशानिर्देश, प्रक्रियाएं और शर्तें निर्धारित की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भरतपुर में विमानपत्तन के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा रनवे उपलब्ध कराया गया है और राजस्थान की राज्य सरकार ने मंत्रालय को इस संबंध में एक प्रस्ताव भी भेजा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य सरकार राजस्थान के भरतपुर में विमानपत्तन को मंजूरी नहीं देना चाहती है; और (घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क)**:** भारत सरकार (जीओआई) ने देश में नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है। जीएफए नीति के अनुसार, यदि राज्य सरकार सहित कोई भी हवाई अड्डा डेवलपर हवाई अड्डा विकसित करना चाहता है, तो उन्हें एक उपयुक्त स्थल की पहचान करनी होगी और हवाई अड्डे के निर्माण के लिए व्यवहार्यता पूर्व अध्ययन कराना होगा और 'साइट क्लीयरेंस' के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा, जिसके बाद 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

(ख) से (घ)**:** भारत सरकार को राजस्थान के भरतपुर में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के निर्माण के लिए राजस्थान सरकार या किसी हवाईअड्डा विकासकर्ता से जीएफए नीति के तहत 'साइट क्लीयरेंस' के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

इसके अतिरिक्त, राजस्थान के भरतपुर में एक मौजूदा हवाईपट्टी है, जिसका स्वामित्व राजस्थान राज्य सरकार के पास है। यह हवाईपट्टी क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) दस्तावेज़ में असेवित हवाईपट्टियों की सूची में उपलब्ध है। आरसीएस के तहत प्रावधानों के अनुसार, असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का जीर्णोद्धार/स्तरोन्नयन वैध बोली के माध्यम से इसे चिह्नित करके और चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) को अवार्ड करके किया जाता है।

बोली प्रक्रिया के पांच दौर पूरे होने तक, भरतपुर हवाईपट्टी को जोड़ने वाले आरसीएस मार्गों को 'उड़ान' योजना के तहत किसी भी एयरलाइन को अवार्ड नहीं किया गया है। इसलिए, भरतपुर

हवाईपट्टी का जीर्णोंद्धार इस योजना के तहत नहीं किया गया है, क्योंकि किसी भी एयरलाइन ने भरतपुर हवाईपट्टी को जोड़ने वाले मार्ग के लिए आवेदन नहीं किया है।

*****